आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 10.10.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पीएम धन–धान्य योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगें
- प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र को मज़बूत बनाने के लिए नया सहकारी अधिनियम लाया जाएगां
- एटीएस ने पूर्व सैनिक कोटे से फर्जी तरीके से सरकारी नौकरी हांसिल करने वाले 28 लोगों को गिरफ्तार कियां
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर टेली मानस ऐप सहित कई पहलों का शुभारम्भ कियां

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में पूसा परिसर से प्रधानमंत्री धन–धान्य योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगें कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इस योजना के तहत सरकार कम उत्पादकता वाले 100 जिलों की पहचान करेगी और उनमें उत्पादकता बढ़ाने के लिए लक्षित उपायों को लागू करेगीं

............................

000

राज्य सरकार सहकारिता क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए नया सहकारी अधिनियम लाने जा रही हैं इससे प्रकियाएं सरल होंगी साथ ही कामकाज में पारदर्शिता आयेगीं प्रस्तावित अधिनियम वर्तमान राजस्थान सहकारिता अधिनियम, 2001 का स्थान लेगां इसका मुख्य फोकस सहकारी सोसायटियों में अनियमितताओं पर नियंत्रण स्थापित करना, व्यवसाय में वृद्धि करना और प्रबंधन से एकाधिपत्य को हटाना हैं नए प्रावधानों में, आमसभा की सूचना व्हाट्सएप/ई–मेल से देने और आमसभा आयोजित न करने पर 5000 रूपये के जुर्माने का प्रावधान हैं साथ ही, ऑडिट रिपोर्ट को विभागीय पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा, जिससे सोसायटियों की वित्तीय स्थिति आमजन को पता चल सकें गबन के मामलों में त्वरित कार्यवाही और क्रेडिट सोसायटियों के लिए विनियामक बोर्ड के गठन का प्रावधान भी प्रस्तावित हैं

000

संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि भारत डिजीटाइजेशन की दिशा में तेज़ी से काम कर रहा हैं नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा "सुशासन और अभिलेख" विषय पर आयोजित प्रदर्शनी के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शेखावत ने कहा कि देश परिवर्तन के दौर से गुज़र रहा हैं उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के योगदान और उनके दृष्टिकोण

को दर्शाने वाले दस्तावेज़ों पर केंद्रित हैं श्री शेखावत ने देश के प्रशासनिक और ऐतिहासिक अभिलेखों के संरक्षण में राष्ट्रीय अभिलेखागार के योगदान की सराहना भी कीं

...................

000

निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए अंता विधानसभा उपचुनाव में ई–पिक कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों को मान्यता दी हैं मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि मतदाता आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस या पैन कार्ड सहित अन्य 12 दस्तावेजों में से किसी एक को दिखाकर मतदान कर सकेंगे, बशर्ते उनका नाम मतदाता सूची में हों अंता विधानसभा क्षेत्र में पिछली 1 अक्टूबर तक कुल 2,27,563 मतदाता पंजीकृ त हैं

000

देश में 22 सितंबर से जीएसटी दरों में संशोधन होने के बाद अब पीएम कुसुम योजना के तहत सौर ऊर्जा पंप लगाने वाले किसानों को बड़ी राहत मिलने लगी हैं उद्यान विभाग के अनुसार, जीएसटी दर घटने से किसानों को अलग–अलग क्षमता के पंप संयंत्रों पर 4209 रुपये से 7811 रुपये तक की बचत होगीं अब कंट्रोलर जैसे उपकरणों पर जीएसटी 12 से घटकर 5 प्रतिशत हो गई हैं उद्यान विभाग के उपनिदेशक चंद्र प्रकाश बढ़ाया ने बताया कि इस योजना में अब तक जिन किसानों की पुरानी दर से राशि जमा है, उनकी अतिरिक्त राशि वापस की जाएगीं इस बीच जीएसटी बचत उत्सव, पोषण माह और केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं आज सिरोही के झाड़ोली और सवाई माधोपुर के नीमोद में ऐसे कार्यक्रम हुएं इसके तहत रैली, संगोष्ठी, प्रदर्शनी, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गयां ब्यूरो के अधिकारियों, कलाकारों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों तथा स्कूली छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गयां इस दौरान सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई

000

पुलिस की एटीएस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व सैनिक कोटे से फर्जी तरीके से सरकारी नौकरी हासिल करने वाले 28 लोगों को गिरफ्तार किया हैं एटीएस के आईजी विकास कुमार ने बताया कि दो महीने की जांच के बाद, भारतीय खाद्य निगम (थ्ब्) के 31 प्रतिष्ठानों पर छापे मारे गएं इन गिरफ्तार व्यक्तियों ने नकली सैन्य दस्तावेज़ों जैसे पीपीओ (च्च्व्) और एक्स–सर्विसमैन आईडी कार्ड का उपयोग करके, पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित 90 प्रतिशत सुरक्षा कोटा में नौकरी हासिल की थीं ये कार्रवाई "स्क्वायर पिरामिड" ऑपरेशन के तहत की गईं इस मामले में अब तक तीन प्राथमिकी दर्ज की गई हैं एटीएस ने स्पष्ट किया है कि यह जालसाज़ी अन्य संस्थानों तक भी फैल सकती है, जिसकी जांच की जा रही हैं

....................

000

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज नई दिल्ली में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर टेली मानस ऐप सहित कई नई पहलों का शुभारम्भ कियां इस अवसर पर श्री नड्डा ने कहा कि भारत मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए न्यायसंगत, सस्ती और समावेशी पहुंच सुनिश्चित करने के प्रति वचनबद्ध हैं उन्होंने कहा कि सरकार मानसिक स्वास्थ्य की किसी भी आपात स्थिति से प्रभावशाली तरीके से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं उन्होंने कहा कि बीस से अधिक विभिन्न भाषाओं में प्रशिक्षित कांउसिलर्स ने ऐप के जरिये लगभग 28 लाख उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान किया हैं उन्होंने बताया कि हर दिन इस ऐप पर लगभग चार हजार लोग सहायता के लिए सम्पर्क करते हैं विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ये दिन हमें यह याद दिलाता है कि मानसिक स्वास्थ्य, सेहत का एक महत्वपूर्ण अंग हैं श्री मोदी ने लोगों से ऐसा वातावरण बनाने का आग्रह किया है, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बातचीत की जा सकें उन्होनें मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की सराहना भी कीं

0000

सरकार ने अपने आयुर्वेद अनुसंधान के प्रमुख छात्रवृति कार्यक्रम (स्पार्क) के चौथे संस्करण की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य देश भर के आयुर्वेद स्नातक छात्रों में वैज्ञानिक शोध को बढावा देना हैं आयुष मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग एनसीआईएसएम द्वारा मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों के तीन सौ आयुर्वेदिक चिकित्सा और शल्य चिकित्सा स्नातक छात्रों को 50 हजार रुपये की छात्रवृति मिलेगीं इसके लिए पंजीकरण 15 अक्टूबर से 15 नवंबर तक होगां आयुष मंत्रालय ने कहा कि अब तक देश भर के दो सौ 89 आयुर्वेद शिक्षण संस्थानों के लगभग पांच सौ 91 छात्र इसके माध्यम से लाभान्वित हुए हैं

000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने गृह रक्षा विभाग के लिए प्लाटून कमांडर के 84 पदों की भर्ती परीक्षा की घोषणा कर दी हैं परीक्षा आगामी 22 नवंबर को आयोजित की जाएगीं बोर्ड ने आवेदकों को अपना ऑनलाइन आवेदन वापस लेने का अंतिम अवसर दिया हैं इच्छुक आवेदक 10 से 12 अक्टूबर तक एसएसओ पोर्टल पर जाकर आवेदन वापस ले सकते हैं इसके बाद, आवेदन पत्रों में गलती को ठीक करने के लिए 13 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक का समय दिया गया है, जिसके लिए 300 रुपये का शुल्क लगेगां

000

प्रदेश में करवा चौथ का पर्व आज परम्परागत तरीके से मनाया जा रहा हैं इस दिन महिलाएं अपने पति की लम्बी आयु के लिए उपवास करती हैं इस मौके पर विभिन्न देवी मन्दिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही हैं सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा स्थित प्रसिद्ध चौथ माता मंदिर में रंग–बिरंगे परिधानों में सजी–धजी महिलाओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं महिला श्रद्धालुओं के कई जत्थे रणथम्भौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर भी दर्शन के लिए पहुँचे हैं

........................

वहीं, भीलवाड़ा के रायला गाँव स्थित लगभग 100 वर्ष पुराने चौथ माता मंदिर में भी करवा चौथ के मौके पर विशेष पूजा–अर्चना के साथ दिन भर मेले का आयोजन किया गयां सलूंबर के बाजारों में भी करवा चौथ की खरीदारी के कारण दिनभर रौनक रहीं सुहागिन महिलाओं ने बर्तनों, चूड़ियों, साड़ियों और सजावटी सामान की जमकर खरीदारी कीं

000